तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

13 छात्राओं ने सूखे रंगों से खेली होली, पानी बचाने का दिया संदेश



14 महिला विवि में कवि सम्मेलन का उठाया लुत्फ



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, ट्रैक पर मिला शव

**गन्नौर।** शुक्रवार की सुबह दिल्ली- अम्बाला रेलमार्ग पर गांव राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप अज्ञात ट्रैन से गिरने से युवक की मौत हो गई। जीआरपी प्रभारी सुरेश ने बताया कि जीआरपी को सुबह राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप अज्ञात युवक के गिरने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो युवक की पहचान कैलाश पुत्र वेदपाल गांव घोघा, नरेला के रूप में पहचान हुई। जीआरपी को परिजनों ने बताया कि मृतक कैलाश अपनी बहन के पास होली के पर्व पर गन्नौर में आ रहा था। वह तीन बहनों में अकेला भाई था। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पब्लिक हेल्थ कार्यालय में लगा ट्रांसफार्मर चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में पब्लिक हैल्थ परिसर में लगे बिजली निगम के ट्रांसफार्मर के चोरी होने का मामला सामने आया है।बिजली निगम में तैनात रवि ने बताया कि विभाग की तरफ से गांव फतेहपुर में स्थित पब्लिक हैल्थ का ट्रांसफार्मर लगा रखा है। गत 21 मार्च को एरिया ईंचार्ज ने लिखित में शिकायत देकर बताया था किसी ने ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गढ़ी झंझारा से बिजली का पोल व तार चोरी

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा गांव के खेत से चोर बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की सूचना निगम कार्यालय को दी। जिसके बाद निगम एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दर्ज करवाई। शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि गढ़ी झंझारा निवासी सुरेंद्र राम के खेत में बिजली का पोल लगा हुआ है। जिसका कनेक्शन 11 केवी अहीर माजरा से जुड़ा हुआ है। 21 मार्च की रात को चोर खेत से बिजली का पोल व तार चोरी कर ले गए। जिस कारण निगम को 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### अवैध हथियार समेत आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपित मदीना गांव के रोहित को गिरफ्तार किया। उसे गांव में प्याऊ चौक के पास से गिरफ्तार किया गया। उससे अवैध पिस्तौल के साथ दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपित के विरुद्ध थाना बरोदा में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित अवैध हथियार उत्तरप्रदेश के जिला गाजियाबाद के गांव मुरादनगर के गोलू से लेकर आया था। आरोपित को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### हवलदार का हत्यारोपित लिया रिमांड पर

**गोहाना।** क्राइम यूनिट की गोहाना पुलिस ने हवलदार की गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपित दिल्ली के सुल्तानपुरी के अरुण उर्फ सोरा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस ने आरोपित से हवलदार से छिना गया मोबाइल बरामद किया। शुक्रवार को उसे दोबारा न्यायालय में पेश किया गया। उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 12 फरवरी की रात को अज्ञात हमलावरों ने अज्ञात हमलावरों ने हवलदार प्रमोद की गांव रुखी के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपित प्रमोद की कार और मोबाइल लेकर भाग गए थे। इस मामले में पुलिस ने पहले आरोपित झज्जर में गांव खुंगाई के संदीप व रोहतक में बड़ा बाजार के अनमोल को गिरफ्तार चुकी है। तीसरे आरोपित अरुण को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो दिन के रिमांड पर लिया था। उससे हवलदार का टूटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया।

# अब स्कूलों में बनेंगे हर्बल गार्डन औषधीय पौधों से होगा उपचार

## प्रदेश के स्कूलों में स्थापित होने हैं पार्क स्कूलों को 25 हजार तक की मिलेगा फंड

## आयुष विभाग ने स्कूलों से मांगे आवेदन विद्यार्थियों को आयुर्वेद से जोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

आयुर्वेद के प्रति जागरूकता को लेकर मजबूत करने के लिये आयुष विभाग ने नया तरीका अपनाया है। अब नींव को मजबूत करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये स्कूलों में हर्बल गार्डन तैयार करने की योजना को अमल में लाया जा रहा है। बकायदा आयुष विभाग ने शिक्षा विभाग से संपर्क कर स्कूलों से आवेदन मांगें गए हैं। खास बात ये है कि आयुष विभाग स्कूलों को हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए वित्तिय सहायता भी देगा। हर्बल गार्डन में लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शिक्षकों, विद्यार्थियों व एसएमसएई सदस्यों को सौंपी जाएगी। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

बता दें कि आयुर्वेद को लेकर पूरे प्रदेश में जागरूकता फैलाने के लिये आयुष विभाग काम करना चाह रहा है। इसी सिलसिले में स्कूलों में हर्बल पार्क स्थापित करने की योजना है। इन हर्बल पार्क के जरिये बच्चों को औषधीय पौधों के महत्व के बारे में ब ताया जाएगा।

अलग-अलग प्रजाति के पौधों के बारे में बताते हुए इनके गुणों के बारे में भी बच्चों को पता लग जाएगा। इसके साथ ही हर विद्यार्थी के जरिये हर घर में आयुर्वेद के बारे में जानकारी भी पहुंच जाएगी।



### प्रस्ताव की प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग कमेटी करेगी जांच

स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित करने की योजना है। जो स्कूल निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रस्ताव की प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग कमेटी (पीएससी) की तरफ से स्क्रीनिंग की जाएगी। जिसके बाद प्रस्ताव स्टेंडिंग फाइनेंस कमेटी (एसएफसी) को भेजा जाएगा। इसका दायित्व इको क्लब कोर्डिनेटर को सौंपा जाएगा।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि रोग की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन में औषधीय पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पौधे मानव रोगों को ठीक करने के लिए उपयोगी होते हैं। इन पौधों में उपस्थित फाइटो रसायनिक घटक उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। औषधीय पौधों के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने साल 2020 में राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड (एनएमपीबी) की स्थापना की थी। यह बोर्ड वर्तमान में आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और चिकित्सा) के एक अनुभाग के रूप में काम कर रहा है। औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए ही अब स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित करने की योजना तैयार की है।



### औषधीय पौधों की 10 से 15 प्रजातियां लगेंगी

हर्बल गार्डन के लिए ऐसे विद्यालय ही आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास औषधीय पौधों की 10-15 प्रजातियों के लिए करीब 500 वर्ग मीटर के अलग-अलग प्लॉट हों। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी विद्यालयों की होगी। छुट्टियों की अवधि के दौरान स्कूल को विशेष व्यवस्था करनी होगी। विद्यार्थियों को पौधों को लेबल करने, पानी देने, निराई करने के साथ ही विभिन्न प्रजातियों के लाभों व उपयोग के बारे में बताया जाएगा। 500 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए प्रति विद्यालय 25 हजार रुपये की दर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। साथ ही चार वर्षों तक रखरखाव के लिए प्रति वर्ष सात हजार रुपये दिए जाएंगे।

# नाबालिग से गैंगरेप के तीन दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- अदालत ने दोषियों पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

राई थाना क्षेत्र में बालिका से सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने तीनों दोषियों का उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना किया गया है। तीनों की जुर्माना राशि में से 50-50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है। जुर्माना अदा न करने पर 14 माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

मूलरूप से बिहार हाल में राई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया था कि उनके पास 13 वर्षीय बेटी और आठ साल का बेटा है। महिला ने बताया था कि वह तथा उनके पति फैक्टरी में नौकरी करते है। वह सुबह आठ बजे ड्यूटी पर चले गए थे। कमरे पर उनकी बेटी व बेटा थे। महिला ने बताया था कि सुबह साढ़े 11 बजे बेटा दुकान पर गया था। उस समय उनकी बेटी कमरे में अकेली थी। आसपास के कमरों में वाले लोग भी बाहर गए थे। इस बीच गांव का ही तुषार, नवीन व उनका एक दोस्त दीवार फांदकर कॉलोनी में आ गए थे। उन्हें देखकर बेटी ने दरवाजा बंद कर लिया था। इस पर तीनों ने दरवाजे पर लात मारनी शुरू कर दी थी। जिस पर बेटी ने डरकर दरवाजा खोल दिया था। इस पर तीनों आरोपी कमरे में घुस गए थे और उनकी बेटी से दुष्कर्म किया था। तीनों ने परिवार को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में वह भाग गए थे। पीड़िता ने अपने पिता को कॉल कर घटना की जानकारी दी थी। जिस पर उसके माता-पिता घर आए थे। राई थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई उषा रानी की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। उनकी पहचान तुषार व नवीन के रूप में हुई थी। बाद में 18 फरवरी को तीसरे आरोपित अमन को भी गिरफ्तार कर लिया था। एसआई उषा ने मामले में कार्रवाई करते हुए सबूत जुटाने के बाद 11 अप्रैल, 2023 को चालान अदालत में पेश कर दिया था। मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने तीनों आरोपितो को दोषी करार दिया। अदालत ने तीनों को 6 पॉक्सो एक्ट में उम्रकैद व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। भादंसं की धारा 450 में भी उम्रकैद व 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किया स्वागत



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और करनाल के सांसद संजय भाटिया शुक्रवार अलसुबह राई स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रूके। जहां पर भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा तथा हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन रविंद्र दिलावर ने भी मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहाकार राजीव जैन, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महामंत्री नवीन मंगला, निशांत छौक्कर, जिला परिषद सदस्य राकेश, निगम पार्षद हरी सैनी, सुरेंद्र मदान, अतुल जैन, संगीता सैनी उपस्थित रहे। इसके बाद आजाद सिंह नेहरा व रविंद्र दिलावर ने जाहरी गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग शंकर लाल सैनी का उनके निवास पर जाकर शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### घर के बाहर फायरिंग करने के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की एसएजी यूनिट ने घर के बाहर हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित उर्फ कालू उर्फ धारा निवासी विशाल नगर व सुधीर उर्फ नीरज निवासी शहजादपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

शिव कॉलोनी निवासी विकास ने गत 6 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह घर पर अपने रिश्तेदार सुमित के साथ अपने कमरे में सो रहा था। रात को अचानक उसे गली में फायर होने की आवाज सुनाई दी। उसने शोर सुनकर उठे तो मकान के अंदर एक रौंद का सिक्का मिला। गली में फायरों की आवाज सुनाई दी। गली में जाकर देखा तो तीन युवक भागते हुए दिखाई दिए। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

# करतारपुर साहिब के दर्शन को 27 को रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था

**सोनीपत।** करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) में दर्शन के लिए सोनीपत से जत्था 27 मार्च को रवाना होगा। इस बारे में हेमनगर स्थित गुरुद्वारे में आयोजित किए गए सुखमणि साहिब पाठ के दौरान बताया गया।

- हेमनगर स्थित गुरुद्वारे में श्री सुखमनी साहिब का पाठ हुआ

कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता व सीएम विंडो के समाधान सहयोगी तरुण देवीदास ने भाग लिया। हेम नगर गुरुद्वारा समिति ने तरुण को सिरोपा देकर सम्मानित किया। श्री सुखमणि साहिब के पाठ के बाद आध्यात्मिक कीर्तन का सभी ने आनंद लिया। कीर्तन के बाद सभी के लिए सुख-शांति व भले की अरदास की। तरुण ने बताया कि गुरु नानक मिशन सेवा सोसायटी के 155 सगतों का जत्था 27 मार्च बुधवार को करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) में दर्शन करेगा। 155 संगतों का जत्था हेमनगर गुरुद्वारा के



माध्यम से पाकिस्तान के लिए रवाना होगा। इस अवसर पर पप्पू रेवड़ी, हरनाम, मनोज कालरा, भुवनेश, राम नारंग, रामजीदास सपड़ा आदि मौजूद रहे।

# मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोपित दबोचा, रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बहालगढ़ थाना पुलिस ने फायर करके जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित निखिल निवासी बांकनेर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वारदात में शामिल एक आरोपित को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था।

गांव मुकिनपुर निवासी रोहित ने गत 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह पहल न्युट्रैशन दुकान बहालगढ पर काम करता है। उसके साथ अजय, सुमित, रविन्द्र भी नौकरी करते है। कई दिन पहले विक्रांत निवासी



गांव बसौदी हमारी दुकान से सप्लीमैंट ले गया था। उसके बाद एक दिन विक्रांत दौबारा दुकान पर आया था और कहने लगा कि सप्लीमैंट ज्यादा महंगे दे दिए। इस बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विक्रांत मेरे समझाने पर चला गया था। जिसको लेकर 16 मार्च को विक्रांत समय करीब 6.15 पर दुकान पर आया और अंदर दुकान पर अजय से मेरे बारे व मोहन के बारे मे पुछा। तो अजय ने बतलाया मोहन बाहर गया है और रोहित बाहर खडा है जो मुझे बाहर खडा देखकर विक्रांत ने अंदर से ही अपने हाथ मे लिए पिस्तौल से जान से मारने की नियत से मेरे उपर सीधा फायर कर दिया। जो गोली दुकान के शीशे मे लगी, किसी तरह वह बाल-2 बच गया। फिर विक्रांत ने बाहर आकर भी मेरे उपर गोली चलाने की कोशिश की पर गोली नही चली। तो विक्रांत ने धमकी दी कि आज बच गया है, वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरजीत की टीम ने आरोपित महताब उर्फ विक्रांत निवासी पुरानी बसौदी को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# नागरिक अस्पताल में टीबी के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को टीबी दिवस मनाया गया। इस दौरान मौजूद लोगों को विशेषज्ञों ने टीबी के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर सीएमओ डा. जय किशोर ने सरकार की हिदायतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नाम के बैक्टीरिया से फैलने वाली यह संक्रामक बीमारी इतनी घातक है कि इसके कारण हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। सोनीपत में भी इस बीमारी के काफी मरीज हैं। जिनका सरकारी अस्पतालों में निश्शुल्क इलाज किया जाता है। यह बीमारी हवा के माध्यम से फैलती है, जो कि संक्रमित मरीज के बोलने या थूकने से निकलने वाले बैक्टीरिया के कारण होती है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर टीबी दो प्रकार की होती है, जिनमें पल्मोनरी टीबी और एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी शामिल है। इस मौके पर ट्यूलिप अस्पताल से डा. अनुराग अरोड़ा ने टीबी के बारे में विचार रखें और टीबी मुक्त शहर बनोन




के कार्य में अधिक से अधिक सहयोग करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम के अंत में टीबी को लेकर अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. तरूण यादव, डा. वन्दना, संजीव शर्मा, मंजू बलौदा, ज्योति, सुनील, सुनील कुमारी, रवीना, संदीप, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन के दल ने नागरिक अस्पताल में सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मरीजों को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक दल शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचा। सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर व उप सिविल सर्जन डॉ. स्वराज चौधरी ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दल का नेतृत्व कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय से डॉ. जेरार्ड क्रॉस ने सरकार की ओर से बनाए गए इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म (आईएचआईपी) पोर्टल पर होने




वाले कार्यों को जाना।

आईएचआईपी पोर्टल पर हर सीएचसी-पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कैंसर सहित 33 बीमारियों के उपचार को आने वाले मरीजों का ब्योरा दर्ज किया गया है। मरीजों को कौन सी बीमारी है और उसका किस सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है। उसका सारा रिकॉर्ड इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉरमेशन प्लेटफॉर्म पोर्टल पर रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, जिला अस्पताल समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जो लोग इलाज कराने आते हैं, उन्हें क्या-क्या बीमारियां हो रहीं हैं। टीम ने धरातल पर जाकर पोर्टल पर हो रहे कार्यों को देखा और जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी जुआं, सब सेंटर जुआं और पीएचसी मुरथल पर जाकर व्यवस्थाओं की जांच की। टीम ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने पोर्टल पर काम करवाकर देखा।

# सोनू देशवाल ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव खेड़ी दमकन के रहने वाले ओर दिल्ली शिक्षा निदेशालय में शिक्षक के तौर पर कार्यरत पर्वतारोही सोनू देशवाल ने तंजानिया में अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया है। सोनू के अनुसार इस चोटी की ऊंचाई 5895 मीटर है, यह पर्वत विश्व का सबसे ऊंचा खड़ा पर्वत है। इस चोटी पर चढ़ाई करने वाले वे शिक्षा निदेशालय के पहले कर्मचारी हैं। इस पर्वत पर फतह करना बहुत



कठिन कार्य था और वहां माइनस 20 डिग्री तापमान, ऑक्सीजन की मात्रा लगभग 50 प्रतिशत और लगभग 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज ठंडी हवाएं चल रही थी। इन कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने 12 मार्च 2024 को सुबह भारत का तिरंगा इस चोटी पर लहराया। अब वे सहकुशल वापस लौट आए। उन्होंने राज्य व देश का नाम रोशन किया। इससे पहले सोनू अक्टूबर 2023 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर भी भारत का तिरंगा फहराया था।


व्हेल मछली उल्टी दिशा में नहीं तैर सकती।


हाथी अपनी सूंड में पांच लीटर पानी रख सकता है।



# कंप्यूटर टीचर बनने के लिए क्या करें



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है।

## भारी डिमांड

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## कैसे बनें कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### नौकरी के कई अवसर

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूट्यूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

## आइक्यू लेवल अधिक है तो यह विकल्प है आपके लिए

# फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है तो फिल्म डायरेक्टर बन चमकाएं करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

व्यक्ति अपनी रूचि के आधार पर अपने भविष्य को निर्धारित करने की सोचता रहता है। व्यक्ति अपने रुचि के आधार पर ही भविष्य को बनाए तो अच्छा रहेगा। किसी के दबाव में आकर यदि व्यक्ति अपने भविष्य को बनाने जाए तो अधिकतर लोगों को ऐसी परिस्थिति में और सफलता मिलती है। यदि आपको फिल्मों और फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है, तो ऐसे में आपके लिए करियर ऑप्शन के तौर पर एक फिल्म डायरेक्टर बनने का भी ऑप्शन होता है। फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते हैं? यह सवाल अक्सर लोग पूछते रहते हैं लेकिन यदि आपकी माइंड क्रिएटिविटी अधिक है या आपके माइंड का आइक्यू लेवल अधिक है तो आप फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। इसके लिए ना तो ज्यादा पढ़ाई की जरूरत है और ना ही किसी अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत है। आप अपने टैलेंट के दम पर फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए कई प्रकार के पढ़ाव व्यक्ति को अपने जीवन में पार करने होंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते है। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।







## कौन होता है फिल्म डायरेक्टर

किसी भी फिल्म को बनाने में फिल्म डायरेक्टर की मुख्य भूमिका होती है। फिल्म डायरेक्टर हिट फिल्म को बनाने के लिए पूरी कोशिश करता रहता है। फिल्म डायरेक्टर के बिना फिल्म बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिल्म पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक फिल्म डायरेक्टर की निगरानी के अंदर बनती है। फिल्म बनाने के सभी कार्य को निर्देशित करने वाला व्यक्ति फिल्म डायरेक्टर ज्ञान निर्देशक चलाता है। आज के समय में फिल्म बनाना काफी एडवांस हो गया है। यहां एक व्यक्ति बहुत सारे किरदार निभा रहा है। कई लोग इस फिल्म में अभिनेता होने के साथ-साथ फिल्म डायरेक्टर का काम भी करते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनना व्यक्ति के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि यहां पहुंचने के लिए काफी मेहनत लगती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार से पढ़ाई की कोई जरूरत नहीं होती है। व्यक्ति आठवीं दसवीं पास भी फिल्म डायरेक्टर बन सकता है।

## करने पड़ते हैं ये महत्वपूर्ण काम

किसी भी फिल्म बनाने में मुख्य भूमिका फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म के सभी एक्टिविटी को फिल्म डायरेक्टर के द्वारा निर्देशित किया जाता है। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म पूरी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म डायरेक्टर जो फिल्म के सभी किरदार के रोल को प्ले करवाता है। कैमरा की शूटिंग करवाता है, फिल्म की जगह का चयन करता है। उस फिल्म किस कहानी पर बनानी है इसका निर्धारण करता है। फिल्म की शूटिंग किस टाइप से करनी है। इसका निर्धारण करता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के कई कार्य होते हैं। फिल्म डायरेक्टर का सबसे पहला काम फिल्म की कहानी का चयन करना होता है।

फिल्म की कहानी का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को फिल्म के शूटिंग की बेहतरीन जगहों का चयन करना होगा। फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन जगह का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को किरदार पर कौन से अभिनेता व अभिनेत्री को काम देना है इनका चयन करना होगा। फिल्म डायरेक्टर ही तय करता है कि फिल्म की कहानी किस आधार पर टूट की जाएगी और सूट करने के लिए क्या लोकेशन रखना है कैसे शूट करना है इन सभी पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। फिल्म डायरेक्टर हीरो और हीरोइन को एक्टिंग के लिए और हर टास्क को अच्छे से पूरा करने के लिए निर्देशित करते हैं।

## जरूरी योग्यताएं

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए ऐसी कोई खास योगिता की जरूरत नहीं होती है। लेकिन फिर भी फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रकार से कई प्रकार की योग्यता को पूरा करना होगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए किसी भी प्रकार की पढ़ाई की जरूरत नहीं होती है। लेकिन आपके पास अनुभव होना चाहिए। अनुभव के बिना आज फिल्म को डायरेक्ट नहीं कर पाएंगे और आपको फिल्म डायरेक्ट करने का मौका भी नहीं मिलेगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति के बाद आत्मविश्वास होना चाहिए। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए योग्यता के तौर पर आपको फिल्म डायरेक्टर कोर्स के सर्टिफिकेट की भी अक्सर जरूरत पड़ती है।

## सर्टिफिकेट इन एनिमेशन

- फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए सर्वप्रथम अपने अंदर फिल्मों की सूची को बढ़ाना होगा और अपने टैलेंट को स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए।
- आज के समय में कई प्रकार के सर्टिफिकेट की जरूरत भी होती है ऐसे में आप फिल्म डायरेक्शन के क्षेत्र में यदि अपना करियर बनाना चाहते हैं तो फिल्म डायरेक्शन और सिनेमा से जुड़े कई प्रकार के डिप्लोमा होने से कुछ डिप्लोमा हासिल करके फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं।
- बेहतर योजना के साथ स्कूल व कॉलेज में ड्रामा और प्रोग्राम में भाग लेकर अपने टैलेंट को लोगों के सामने पेश करें।
- कई आइडियल शॉ प्रतिवर्ष होते हैं उन्हें अपनी क्रिएटिविटी को बाहर लाएं और फिल्म इंडस्ट्री की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़े।
- टेलीविजन डायरेक्टर बनकर अपने करियर की शुरुआत करने का प्रयास करें या छोटे-मोटे किसी अभिनय जान नाटक के डायरेक्टर बंद कर इस इंडस्ट्री में अपने कदम को रखते हुए आगे बढ़े।
- जब आप टेलिविजन डायरेक्टर या किसी अन्य नाटक में डायरेक्टर पद पर अच्छे से काम कर रहे हैं। तो आपको कई चांस होते हैं, कि फिल्म डायरेक्टर पद पर आपको नौकरी मिल जाती है।
- आप अपनी जान पहचान के आधार पर भी फिल्म डायरेक्टर की नौकरी फिल्म इंडस्ट्री में हासिल कर सकते हैं।

## फिल्म डायरेक्टर के कोर्स

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए आपको कई प्रकार के सिनेमा से जुड़े कोर्स करने होते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए जरूरी कोर्स की सूची हम आपको नीचे कुछ इस प्रकार से प्रदान करवा रहे हैं।

- बेचलर इन सीनेमेटिक
- पीजी इन फिल्म डायरेक्शन
- बेचलर इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन
- बीएससी इन सिनेमा
- डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- डिप्लोमा एंड पीजी डिप्लोमा इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड कम्यूनिकेशन

## भविष्य में स्कोप

फिल्म डायरेक्टर बनने वाले व्यक्ति के भविष्य के इसको कि यदि बात करें, तो फिल्म इंडस्ट्री में जाने के पश्चात स्कोप की कोई कमी नहीं है। क्योंकि फिल्म उद्योग दिन प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है और ऐसे में यदि आप फिल्म इंडस्ट्री में कैरियर की बात करें तो यहां हजारों करियर ऑप्शन आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। आप फिल्म डायरेक्टर की नौकरी करते करते आप फिल्म प्रोडक्शन भी बन सकते हैं। इससे बड़ा कोई स्कोप नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के मुख्य फ्यूचर स्कोप कौन-कौन से हैं। इसकी जानकारी हम आपको नीचे दे रहे हैं।

- अभिनेता और अभिनेत्री बन जाना
- कहानी लेखक बन जाना
- खुद की फिल्म बनाना
- फिल्म के प्रोड्यूसर बन कर काम करना
- फिल्म में अन्य रोल पर भी प्ले करना
- फिल्म डायरेक्टर बनने के पश्चात आप कई तरह से फिल्म के अलग-अलग किरदार के अनुभव को आसानी से सीख सकते हैं और उसके पश्चात आप भी उन किरदार पर काम कर सकते हैं या खुद का फिल्म बनाने तक भविष्य में आगे जा सकते हैं।

# भारत के युवाओं को पाखंड और पाखंडियों की पहचान करने की कला सीखनी होगी



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

भारत के युवाओं को जब मैं पाखंड की शरण में जाता देखता हूं तो मुझे बड़ा तरस आता है, विश्व के सबसे बड़े और महा ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के देश में इतना पाखंड जिसमे भारत की वो युवा पीढ़ी निगली जा रही हैं। इसके लिए बड़ा ही चिंतन और मंथन की जरूरत हैं। मैं अगर आज से 30 से 40 वर्ष पहले की बाद करूं तो कोई भी युवा पाखंड से प्रभावित नही थे परंतु लगभग पिछले 20 वर्षो से पाखंड बहुत तेजी से फैल रहा हैं। युवा साथियों, दो देवता तो कुछ साल पहले अवतरित हुए , पहला शनि देवता तथा दूसरा सांई देवता। पूरी युवा पीढ़ी शनि तथा साईं के चक्कर में उलझते जा रहे हैं, हमारे देखते देखते पिछले कुछ सालों में ही शनि तथा साईं के इतने स्थल बन गए जो वेद विरुद्ध कार्य करते हैं।

## काला धागा बांधना भी पाखंड

कोई इस पर चिंतन मंथन नही करता कि पहले तो ये शनि और साईं देवता नही थे वो अब कहां से प्रकट हो गए, यहीं तो युवाओं को जानने की जरूरत हैं। अरे मुझे आश्चर्य होता है कि आज के लड़के लड़कियों हाथों में तथा पैरों में भी काले धागे बांधते हैं, लोग गाडियों में नींबू मिर्ची लगा कर बिना हेलमेट तथा बिना बेल्ट लगा कर चलाते हैं। युवा साथियों नींबू मिर्ची आपकी जान नही बचाएगी, जान तो हेलमेट तथा बेल्ट ही बचाएगी। लोग , छोटी सी प्रोब्लम होते ही भाग पड़ते है, बूझा निकलवाने के लिए, और वहां 500 अथवा 1000 रुपए देकर , ठगी करा कर आते है तथा कहते सब अच्छा हो गया। युवा साथियों आपका जीवन राष्ट्र को विकसित करने में अपनी भूमिका तय करना है ना कि सारा समय इस पाखंड में उलझना हैं, दोस्तो ये व्यवसाय है। अब मैं युवाओं को मेहनती, कर्मठ, शोध तथा सच्चाई को अपनाने के लिए संकल्प लेने की बात कर रहा हूं। आओ अब विमर्श करते है जो गतिविधियां जीवन को पाखंड में डालती हैं, उससे पहचानने तथा बचने की आवश्यकता हैं।

- किसी के पास अपना भविष्य जानने जाना, निरा पाखंड हैं, अरे जो व्यक्ति सड़क किनारे बैठा है या अपनी दुकान सजाकर बैठा है वो अपना तो भविष्य सुधार नहीं सकता, वो दूसरे का भविष्य क्या सुधरेगा।
- हाथ पैरों में काले, पीले , लाल धागे बांधना।
- हर दिन अलग अलग रंग के कपड़े पहनना।
- शनि, को देवता मानना। जो की केवल एक ग्रह है और वो किसी के ऊपर नही चढ़ता क्योंकि वो पृथ्वी से भी बड़ा हैं।
- साईं बाबा को ईश्वर मानना भी तो पाखंड हैं।
- हस्तरेखा दिखाना और उस पर विश्वास करना।
- देवता केवल पांच है अग्नि, जल, वायु, धरती, और आकाश, जो हमे जीवन देते हैं, बाकी सब पाखंड हैं।

## इनसे दूर रहने की जरूरत

- भगवान श्री कृष्ण को अपनी डलियां में लेकर घूमना।
- पवित्र पेड़ो में धागे बांधना, नारियल बांधना।
- चौक चौराहे पर टोने टोटके करना भी सबसे बड़ा पाखंड हैं।
- नए घर बना कर, उसके सामने काला मुखौटा, अथवा टायर बांधना भी तो पाखंड हैं।
- गले में किसी भी प्रकार के ताबीज बांधना।
- बाजू में काले धागे बांधना, गले में भी काले धागे बांधना भी पाखंड हैं।
- किसी के घर में कोई भी टोना टोटका करना, किसी के घर में आग लगा देना, किसी के घर में मांस या खाने की चीजे डालना।
- किसी बच्चे के बाल काटना, किसी के वस्त्र कटना भी टोना हैं परंतु ये पाखंड है, ऐसे लोगो का मानसिक इलाज कराने की आवश्यकता हैं।
- बड़े बड़े भविष्य दिखाकर गरीबों को ठगना भी पाखंड हैं। भगवान तुम्हारी कठपुतली नही है जैसा चाहो वैसा व्यवहार करो।
- दिन के अनुसार अलग अलग रंग के कपड़े पहनना शुभ मानते है तो ये पाखंड हैं।
- अपने दिमाग पर ताला लगा कर तर्क हीनता भी पाखंड हैं। महिलाओं में भूत प्रेत की घटनाएं भी तो पाखंड का सबसे बड़ा दृश्य हैं। किसी पशु पक्षियों की बलि चढ़ाना।
- किसी के कहने पर छोटे छोटे बच्चो के साथ गलत कार्य कर देना जो उनकी जान के लिए खतरा भी हो सकता हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दे द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### 72 ने रक्तदान कर शहीदों को किया नमन

**गोहाना।** दैनिक लंगर रोटीबैंक कपड़ाबैंक, बस-स्टैंड, गोहाना के अटूट लंगर सेवा का 6वां वर्ष शुरू होने तथा शहीदी दिवस की पूर्व शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। गोहाना रोडवेज के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान करके शहीदों को नमन किया। शिविर के साथ भंडारा भी आयोजित किया गया।

शिविर में हरियाणा पुलिस के 2 जवानों मनीष और भूपेन्द्र सहित 72 लोगों ने शहीदों को नमन कर रक्तदान किया।

### कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी जानकारी

**सोनीपत।** एचआईएम कॉलेज में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे अपनी बात को प्रभावशाली तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करें। कैसे अपने टाइम को मैनेज करें, किस तरह टीम वर्क करते हुए सही व सटीक निर्णय लें इस विषय में बताया गया। इस दौरान प्रश्नावली द्वारा विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं का हल भी पाया।

### मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** एआईयूटीयूसी जिला कमेटी सोनीपत की तरफ से शुक्रवार को उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि धारूहेड़ा में धमाके कारण दर्जनों मजदूर झुलस गए और 8 मजदूरों की मौत हो गई। ज्ञापन में दोषी कंपनी के प्रबंधकों के खिलाफ मौत का मुकदमा दायर करने, मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ रूपया मुआवजा देने व घायलों को 50-50 लाख रूपये मुआवजा देने, मृतकों के आश्रितों को पक्की नौकरी देने और इलाज की समुचित व्यवस्था करने की मांग उठाई गई।

### स्कूलों के संचालकों ने सरकार से मांगा समाधान

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ सोनीपत के सभी निजी स्कूल संचालकों की मीटिंग ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी देवरू रोड सोनीपत में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान एवं शिव मॉडर्न वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय के संचालक अजमेर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान विजेंद्र मान उपस्थित हुए। बैठक में एसोशिएशन के प्रदेश प्रधान विजेंद्र मान ने विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की।

### पोस्टर बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के छात्र-छात्राओं ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक व आकर्षक पोस्टर बनाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अतुल, नक्श,अंश, सुमित, महक व अभिषेक को उनके पोस्टरों के लिए प्रोत्साहित किया गया। चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

## छात्राओं ने सूखे रंगों से होली खेलकर पानी बचाने का दिया संदेश

# होली एकता-प्रेम और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक : डॉ. संतोष

विद्यार्थियों ने दूसरों को हानि पहुचानें वाले रंगों का इस्तेमाल न करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने एक-दूसरे पर रंग लगाकर प्यार व मानवता का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने सभी छात्राओं को सूखे रंगो से होली खेलना व पानी बचाने का संदेश देते हुए इस रंग बिरंगे त्यौहार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली एकता व प्रेम का और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने मिलकर होली खेली।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान होली खेलती कॉलेज स्टाफ साथ में छात्राएं।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान एकत्रित कॉलेज स्टाफ। फोटो:हरिभूमि

### तिलक लगाकर प्राकृतिक रंगों से खेली होली

**सोनीपत।** टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें स्टॉफ सदस्यों एवं छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा होली मिलन के संदर्भ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह राणा एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. इन्दू राठी ने होली उत्सव की पृष्ठभूमि एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा रिया ने होलिका एवं होलिका दहन, संजना द्वारा गीत, हिना एवं श्वेता ने नृत्य, शालू एवं काजल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा तिलक एवं प्राकृतिक रंगो से होली खेली गई। सभी विद्यार्थियों ने होली उत्सव के लिए जल बर्बाद न करने तथा दूसरों को हानि पहुचानें वाले रंगों का इस्तेमाल न करने की शपथ ली।

### पूर्व छात्र मिलन उत्सव में मनाई होली



**सोनीपत।** शंभु दयाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पूर्व छात्र मिलन सम्मेलन और होली महोत्सव का आयोजन किया गया। बीएड प्रथम वर्ष के छात्र ने पुराने छात्रों का तिलक के साथ स्वागत किया। सभी पूर्व विद्यार्थियों ने व नये विद्यार्थी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों के द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। बी.एड के छात्रों ने नृत्य के दवारा समां बांध दिया। नाटक की प्रस्तुति के दवारा स्टूडेंट ने शिक्षा के प्रति जागरूक किया। शिक्षण संस्थान की प्रिंसिपल डॉ सुनीता स्याल ने आये हुए अतिथिगणों का स्वागत किया। शिक्षण संस्थान के प्रधान विजय जैन, जगदीश चंद्र व सौरभ ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा प्रोत्साहन किया। इस अवसर पर आशा सैनी, प्रवीण कुमार, नीलम, रिंकू शर्मा, शिल्पा टंडन, वीरेंद्र, संदीप खत्री आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने हर्ष से मनाया रंगों का उत्सव



**सोनीपत।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत में रंगोत्सव होली का पावन पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता आजा नच ले का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने नृत्य से खूब धमाल मचाया। कनिष्ठ वर्ग में राधिका और जानवी ने कृष्ण राधा की रासलीला दिखाई। वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं व प्राइमरी के नन्हे मुन्नों द्वारा भी अद्भुत नृत्य कौशल का प्रदर्शन कर कार्यक्रम को अत्यधिक मनोरंजक बनाया। इस अवसर पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अजय गर्ग तथा सचिव सुरेश गुप्ता, प्रधानाचार्या सुनीता अहलावत आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता ने लगाया फंदा पांच के खिलाफ केस दर्ज



नागरिक अस्पताल में शव लेने पहुंचे मृतका के परिजन व शव लेकर जाते हुए।

- सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द



विवाहिता का फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या के लिए विवश करने व हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। महावती पानीपत निवासी अजय ने बताया कि उसने अपनी बहन मानषी की शादी उसके पिता ने सितंबर 22 में विकास नगर निवासी अजय पुत्र दिलबाग के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बहन को परेशान करने लगे। उसकी बहन ने फोन करके बताया कि उसे मार देगें। उसे घर लेकर चले जाओ। उसके 20 मिनट बाद फिर फोन आया कि उनकी लड़की मर गई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया। टीमों ने नमूने एकत्रित करके शव को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर अजय, दिलबाग, रितिक, निशू, निर्मला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छोटे बेटे ने धोखाधड़ी से करवाई रजिस्ट्री, मां की शिकायत पर केस

- गांव नाथूपुर की महिला ने अपने छोटे बेटे पर ही कई आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव नाथूपुर की महिला ने अपने छोटे बेटे पर ही कई गंभीर आरोप लगाकर मुख्यमंत्री के नाम शिकायत भेजकर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि बेटे ने उन्हें, उनके बड़े बेटे व पुत्रवधू को मृत दिखाकर धोखाधड़ी की। उनकी जगह किसी अन्य महिला को मां बनाकर खड़ी कर दिया था और राई उप तहसील में प्लॉट की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली थी। उस प्लॉट का इंतकाल भी अपने नाम करा लिया था। महिला ने अपने बेटे के साथ ही दो नंबरदारों पर भी मुकदमा दर्ज कराया है। गांव नाथपूर निवासी सावित्री देवी ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया कि उनका छोटा बेटा नवीन उसके परिवार से अलग रहता है। वह उनके साथ लड़ाई झगड़ा करता था और घर में तोडफ़ोड़ करता था। उन्होंने अपने बेटे को पहले ही बेदखल कर दिया था। महिला ने बताया कि वह 24 सितंबर, 2023 को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में आधार कार्ड लेकर परिवार पहचान पत्र का प्रिंट लेने गई थी। जहां उन्हें पता लगा कि परिवार पहचान पत्र में उन्हें मृत दिखाया गया है। जब जांच की तो उनके बड़े बेटे व बहू को भी मृत दिखाया गया था।

### नायब तहसीलदार ने जांच की तो मामला आया सामने

महिला ने बताया कि उन्होंने सीएम विंडो में शिकायत दर्ज करा दी थी। शिकायत पर तत्कालीन नायब तहसीलदार अंकित ने इस पूरे मामले की जांच कराई तो यह मामला सामने आ गया था। नायब तहसीलदार अंकित ने महिला के आरोपी बेटे, एक महिला व नंबरदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कुंडली थाना पुलिस को लिखा था। रजिस्ट्री राई में होने के चलते अब राई थाना पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपी बेटे नवीन व दो नंबरदारों पर मुकदमा दर्ज किया है

### प्रताड़ना से तंग महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**गोहाना।** शहर के गांधी नगर में एक महिला ने दहेज प्रताडऩा से तंग आकर फंदा लगाकर जान दे दी। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उसकी बेटी को कई बार प्रताड़ित किया गया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। जींद में गांव भागखेड़ा के बलवान ने पुलिस को बताया कि उसने बेटी एकता की शादी चार माह पहले गोहाना में गांधी नगर के जितेंद से की थी। शादी के समय हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। जितेंद्र, उसकी मां और अन्य स्वजन उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर ताने मारकर परेशान करते थे। एक माह पहले उसकी बेटी से मारपीट करक मायके भेज दिया था। उसने अपनी बेटी को समझाकर तीन मार्च को ससुराल भेज दिया था।

# ठगी के तीन आरोपित गिरफ्तार

- सोशल मीडिया पर टास्क पूरा करने का झांसा देकर ठगी करने के गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर टास्क पूरा करने का झांसा देकर ठगी करने की वारदात को अंजाम देने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों की शिनाख्त परेड के बाद पहचान उजागर करेगी। आरोपितों को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के झांसी व दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने देशभर में विभिन्न राज्यों में 203 शिकायतें दर्ज होना बताई जा रही है। जिसमें कुल 9 वारदातों में आरोपित नामजद रहे है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। राठधना रोड स्थित शिक्षण संस्थान निवासी लीला माधवी ने गत 16 फरवरी को साइबर थाना पुलिस को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर पार्ट टाइम जॉब का एक विज्ञापन दिखा था। वह उसके साथ जुड़ गई। अलग-अलग समय में दूसरी तरफ से टास्क पूरा करने को कहा गया। पहले उन्हें 15 दिन तक छोटे निवेश कराए गए। जिससे कुछ रुपये मिले। उसके बाद उन्हें झांसा दिया जाने लगा। उनको क्रेडिट स्कोर 100 अंक तक पहुंचाने को कहा और 11 फरवरी को 30 हजार रुपये, फिर 1.20 लाख रुपये उनसे खाते में डलवाए गए। इसके बाद उसने 3.68 लाख रुपये और जमा करा दिए। 12 फरवरी को एक बार में पांच लाख रुपये और दूसरी बार में फिर से 28 हजार रुपये जमा करा लिए गए। उनसे 10.51 लाख रुपये ठग लिए गए। जब उन्हें ठगी का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**किसी भी लालच में ना आने का अनुरोधः** साइबर अपराधी व्हाट्सएप या इंस्टाग्राम के माध्यम से आपके पास एक लिंक सेंड करेंगे। जिस पर क्लिक करते ही आप एक ऐसे ग्रुप में शामिल हो जाओगे जिसमें आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट या अन्य किसी भी टास्क को देकर भारी लाभ लेने का लालच दिया जाएगा। सभी से अनुरोध है इस प्रकार के किसी भी लालच में ना आए और बिना एक्सपर्ट से सुझाव लिए कहीं भी अपनी गाढ़ी कमाई को ना लगाये। अगर आप साइबर अपराध से पीड़ित होते है तो तुरंत 1930 डायल करें। *गौरव राजपुरोहित डीसीपी ईस्ट।*



सोनीपत। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### रंग महोत्सव में नौ पुरस्कार जीते

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) में हुए रंग महोत्सव में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रथम सहित कुल नौ पुरस्कार जीते, जिनमें तीन सांत्वना पुरस्कार भी शामिल रहे। संस्था के प्रधान डा.ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की प्रभारी प्राध्यापिका रोहिणी मदान व अर्चना खुराना ने बताया कि एमडीयू रोहतक के रंग महोत्सव में जीवीएम की छात्राएं सफल प्रदर्शन करके लौटी हैं। कालेज की छात्राओं ने फ्लैश बैक डांस स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया, फूड स्टॉल (रंग व्यंजन) में छात्राओं ने तृतीय स्थान जीता, सिंगिंग में जीवीएम की कीर्ति व सलोनी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। रंग महोत्सव की खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रूमाल झपटा स्पर्धा में जीवीएम प्रथम स्थान पर रहा।

# केबल में तब्दील होगी बिजली लाइन

- 42 लाख का आएगा खर्च, विभाग ने टैंडर अलॉट का कार्य किया शुरू : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आदर्श नगर की मुख्य गली व साथ लगते अन्य एरिया में 11 केवी एल्यूमिनियम कंडक्टर एचटी लाइन को एक्सएलपीई केबल में करीब 42 लाख रुपये की लागत से तब्दील किया जाएगा। इसके लिए उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने टैंडर आवांटित करके वर्क ऑर्डर भी कर दिया है। जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार आदर्श नगर में पहुंचकर कालोनिवासियों को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि आदर्श नगर में 11केवी की एल्यूमिनियम कंडक्टर एचटी लाइन गई हुई है। इसकी वजह से हादसे की संभावना बनी रहती थी। कालोनिवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया था कि इस लाइन की वजह से कई बार हादसे भी हो चुके है, इसलिए इस बिजली की लाइन को एक्स.एल.पी.ई केबल में तब्दील किया जाए। कालोनिवासियों की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को लाइन बदलने के निर्देश दिए।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार का स्वागत करते हुए आदर्श नगरवासी।



सोनीपत। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिये हुआ स्नातक समारोह

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के एकम ऑडिटोरियम में कक्षा डायमंड एवं कक्षा पांचवीं के लिए स्नातक समारोह (ग्रेजुएशन समारोह) का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि के रूप में सदाराम गुप्ता एवं ओमा अय्यर को आमंत्रित किया गया। मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता डॉ. साक्षी ने बच्चों के मनोविज्ञान से संबंधित विषयों पर सभी आमंत्रित अभिभावकों के समक्ष विचार-विमर्श किया। इस वार्ता में बच्चों के व्यवहार एवं अभिभावकों के व्यवहार से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा भाव-विभोर कर देने वाले सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा ने सभी अभिभावकों को बधाई दी। उपधानाचार्या रिम्पी वर्मा एवं मुख्याध्यापिका दुर्बा घोष ने भी सभी अभिभावकों का कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया।



खरखौदा। प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थी अपने पोस्टर दिखाते हुए।

### पोस्टर मेकिंग में सलोनी रही प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति द्वारा नई कर व्यवस्था व पुरानी कर व्यवस्था विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन कराया गया। रोहतक से सहायक प्राध्यापक कॉमर्स डॉ पुष्पदीप डागर ने नई और पुरानी दोनों कर व्यवस्थाओं के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति के प्रभारी विनोद मलिक, गीता शर्मा, डॉ बीना रानी व समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। भूगोल विभाग द्वारा जल संरक्षण दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्या किरण सरोहा ने छात्रों को जल के महत्व एवम जल के बचाव के विभिन्न उपायों पर चर्चा की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी बीए प्रथम वर्ष, दूसरा स्थान शिवम बीए प्रथम वर्ष ने हासिल किया।

### न्याय गारंटी योजना बारे करेंगे जागरूक



**गोहाना।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता देश भर में हर घर तक राहुल गांधी द्वारा घोषित किसान न्याय गारंटी को पहुंचाएंगे यह बात किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव रणदीप मलिक ने कही। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने किसानों के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की गारंटी देने की अहम घोषणा की है जिससे किसानों में भारी उत्साह है। इस न्याय गारंटी के तहत कृषि सामग्रियों से जीएसटी हटाया जाएगा और कृषि ऋण माफी निर्धारित करने के लिए आयोग की स्थापना की

## शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश

# बढ़ते साइबर अपराध के प्रति सचेत रहें : सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जन भागीदारी से महिला सशक्तिकरण भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का मूल है और इसकी झलक छात्राओं के आचार-व्यवहार में नजर आनी चाहिए। ये आह्वान महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज विधि विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को इंटरनेट, मोबाइल, लैपटॉप सहित अन्य उपकरणों व तकनीक को बुद्धिमता के साथ उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सावधान रहने व दूसरों को जागरूक करने की बात कही। कुलपति ने शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने अक्षु, मुस्कुराना और मीनाक्षी को बेस्ट कैंपर अवार्ड, रुपल को बेस्ट स्वयंसेविका अवार्ड और गांव शामड़ी की होनहार छात्रा निश्चल को मोटीवेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. सीमा दहिया ने स्वागत भाषण दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज दहिया ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने विभाग द्वारा गोद लिए गए गांव शामड़ी में ग्रामीसणों को मतदान, कन्या भ्रूण हत्या व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



गोहाना। कुलपति प्रो . सुदेश छात्राओं को संबोधित करते हुए।



सोनीपत। वाहन चालक का चालान काटते हुए।

### यातायात नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सोनीपत।** जिला यातायात पुलिस ने शहर की सड़कों पर स्पेशल अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने 312 वाहन चालकों को नियमों की अवेहलना करने पर उनके चालान काटे। पुलिस विभाग की तरफ से समय-समय पर स्पेशल अभियान चलाने का काम किया जाता है। जिला पुलिस आयुक्त यातायात अमित धनखड़ ने बताया कि पुलिस विभाग की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्पेशल अभियान चलाया। अभियान के तहत टीमों ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने व गलत लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि गलत लेन में चलने वाले चालक हादसों का शिकार हो जाते है व दूसरों की भी जान जोखिम में डालते है।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं संग प्राचार्या ने भी मनाया होली का महोत्सव

**सोनीपत।** जीवीएम में शुक्रवार को होली महोत्सव मनाया गया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह के साथ कालेज की प्राध्यापिकाएं भी मंच पर चढकर होली के गानों पर थिरकती नजर आई। वहीं, छात्राएं मंच के सामने झूमने लगी। सब एक-दूसरे को होली की बधाइयां देते नजर आये। गुलाल लगाते हुए रंगों के पर्व पर शांति की कामना की। प्राचार्या ने सबको होली की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व सबके जीवन में खुशियों के रंग भर दे। कहीं उदासी न हो। हर तरफ खुशियां ही खुशियां हो।



### श्योराण परिवार ने जाट भवन के लिए दिए 5 लाख

**गोहाना।** आहुलाना गांव निवासी नंबरदार व बिजली निगम से सेवानिवृत्त जेई स्व. राज सिंह की स्मृति में परिवार द्वारा सेक्टर 7 में निर्माणधीन जाट भवन के निर्माण के लिए एक कमरा यानि 5 लाख रुपये दान किया। राज सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीती 17 मार्च को उनका निधन हो गया था। स्व. राज सिंह ने अंतिम समय में जाट भवन में दान देने की इच्छा जताई थी।

### शिक्षकों ने सभी अतिरिक्त कार्यभार से दिया सामूहिक त्यागपत्र

# डीसीआरयूएसटी के शिक्षकों ने खोला विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा

**डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। विवि प्रबंधन के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए शिक्षक।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के शिक्षकों ने एक बार फिर से विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अतिरिक्त कार्यभार से त्यागपत्र दे दिया है। डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के तुगलकी फरमान की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया है।

डीसीआरयूएसटी, मुरथल के शिक्षक संगठन डीक्रूटा की आज आकस्मिक आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन तानाशाही पर उतर आया है।

डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी जड़ दिया है। डीक्रूटा का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता की फाइल को घुमा दिया है, जिसके कारण इस वर्ष विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया है।

इसी प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की तकनीकि प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिवर्ष टेक्नोवा फेस्ट का आयोजन किया जाता था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस फाइल को भी घुमा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का भरसक प्रयास रहेगा कि इस वर्ष टेक्नोवा का आयोजन न हो पाए।

डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में प्रोत्साहित करने की बजाय , उनको रोकने का कार्य कर रहा है।

विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ व प्रशासन के रवैये को देखते हुए शिक्षकों ने अतिरिक्त कार्यभारों से सामूहिक रूप से त्याग पत्र देने का निर्णय लिया है।

डीक्रूटा ने आम सभा की बैठक में निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की तुगलकी कार्यप्रणाली का विरोध जारी रखा जाएगा, वहीं विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय के तुगलकी फरमानों की प्रतियां जलकार अपना रोष प्रकट किया। डीक्रूटा के प्रधान प्रो. सुरेंद्र दहिया, उपप्रधान डा. अनिल यादव, सचिव डा. अजमेर सिंह, सह सचिव डा. विकास व कोषाध्यक्ष डा. ममता भगत सहित अधिकतर शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष सोनिया मोर के आवास पर होली मनाती हुई।

भाजपा के होली मिलन समारोह में शुक्रवार को पदाधिकारियों और कार्यकताअरं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष सोनिया मोर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री कविता जैन, गीता कौशिक, सोनिया अग्रवाल, वाईस चेयर पर्सन महिला आयोग, शिमला देवी चेयरपर्सन कुण्डली व अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने शिरकत की। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि चार राज्यों में चुनावी जीत से भाजपा के कार्यकताअरं में उत्साह है। इससे होली का रंग और भी गहरा हो गया है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की प्रचंड जीत का दावा किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष सोनिया मोर ने भाजपा की नीतियों की सराहना करते हुए अब की बार 400 पार के नारे को दोहराया। इस अवसर पर भाजपा की महिला कार्यकारिणी ने एक दूसरे को अभीर- गुलाल लगाया और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### चंडीगढ़ बार की सह-सचिव हुई सम्मानित

**सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन, सोनीपत में होली मिलन समारोह और सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां प्रमोद गोयल डिस्ट्रक्टि एंड सेशन जज के साथ न्यायधीश और बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल के साथ सभी पदाधिकारीगण और बार मेंबर्स की उपस्थिति में फतेहपुर गांव की निवासी प्रवीन दहिया को सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रवीन ने सोनीपत के एक छोटे से गांव फतेहपुर से निकलकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ में बतौर वकील 2015 में अपनी वकालत शुरू की और लगातार आगे बढ़ते हुए, दिसम्बर 2023 में सह-सचिव के चुनाव लड़े और जीत हासिल की। सोनीपत जिले से वे सिर्फ पहली महिला अधिवक्ता ही नहीं बल्कि पहली अधिवक्ता हैं जो वर्तमान में पदाधिकारी के रूप में काम कर रही है।



राई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का निगम पार्षद पुनीत राई स्वागत करते हुए।

## राई रेस्ट हाऊस में मुख्यमंत्री का जिला उपाध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

राई रैस्ट हाऊस में दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पदाधिकारियों व कार्यकर्ता से मिले। मुख्यमंत्री का विधायक मोहनलाल बड़ौली, राजीव जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई, भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों के लिए मेहनत करने के लिए कहते हुए हाल चाल पूछा और कहा कि जनता की सेवा उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर एसीसपी संदीप धनखड़, मुकेश जाखड़, भाजपा नेता योगेश जठेड़ी, निशांत छौक्कर आदि मौजूद थे।

# कृषि विभाग को लैब से मिली सैंपल की जांच रिपोर्ट, एक सैंपल फेल

- विभाग को लैब से कुल 26 सैंपलों की रिपोर्ट पहुंची, खरीफ सीजन से पहले फिर शुरू होगा छापेमारी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कृषि विभाग की तरफ से फरवरी माह में कृषि विभाग द्वारा की गई लगातार छापेमारी अभियान के दौरान लिए गए खाद के सैंपलों की लैब से रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। विभाग को मिली रिपोर्ट में खाद के 26 सैंपलों में से एक सैंपल की गुणवत्ता कम मिली है। जिसके बाद विभाग की तरफ से उक्त विके्रेता के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करनी शुरू कर दी है।

बता दें कि किसानों के बेहत्तर व क्वालिटी की खाद व दवाएं मिल सके, उसके लिए विभाग की तरफ से खाद व बीज विक्रेताओं की जांच के लिए टीमों का गठन किया हुआ है।

### खरीफ सीजन में विभाग चलायेगा जांच अभियान

मौजूदा समय में रबी सीजन की फसले पककर तैयार होने लगी है। सरसों की कटाई भी शुरू हो गई है। जिसके बाद किसान खरीफ सीजन की फसल उगाने की तैयारियों में जुटेंगे। अप्रैल माह में बीजों की खरीद सबसे अधिक होती है। किसान रबी सीजन की फसल बेचने के लिए मंडी में पहुंचते हैं और बीज व खाद खरीद कर ले जाते हैं। ऐसे में कृषि विभाग अप्रैल माह में नए सिरे से खाद, बीज व दवाइयों के सैम्पल लेने का अभियान शुरू करेगा।

### विभाग समय-समय पर करता है छापेमारी

विभाग की तरफ से समय-समय पर छापेमारी कार्रवाई की जाती है। जिसके तहत दवाइयों व खाद के सैंपल लेने का काम किया जाता है। विभाग की रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। विभाग की तरफ से 50 सैंपल भेजे गए थे। जिसमें से 26 की रिपोर्ट आ गई है। जिसमें से एक का सैंपल फेल मिला है। संबंधित विक्रेता के खिलाफ विभागीय कार्यवाही को शुरू कर दिया है। -डा. पवन शर्मा, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत।

## सीवर ओवरफ्लो होने से घरों के बाहर भरा रहता है दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



प्रशासन की अनदेखी के चलते गढ़ी केसरी-शाश्वत चेतना स्कूल रोड के पास सड़क पर दूषित पानी के जमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूषित पानी स्थानीय लोगों के मकानों के बाहर जमा है, जिससे उनका घरों से निकलना भी दुर्भर हो गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से पानी की निकासी का स्थाई समाधान करवाने की मांग की है। बिजेंद्र त्यागी, नीरज, विनीत त्यागी ने बताया कि सीवर की सफाई न होने से दूषित पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर जाता है। जिस कारण आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना पड़ता है। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन चालक गंदे पानी से बचने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। घरों के बाहर दूषित पानी जमा रहने वहां हर समय बदबू रहती है और मच्छर भी पनप रहे हैं।

### क्या कहते हैं एसडीएम

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि इस संबंध में उन्हें शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। दूषित पानी की निकासी के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देंगे। जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

## उद्योगपतियों ने मनाया होली मिलन समारोह

- एसोसिएसन के प्रधान अमित गोयल, सरंक्षक स्वर्ण झाम ने उद्योगपतियों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



गन्नौर। औद्योगिक क्षेत्र के सम्पदा अधिकारी विनोद कत्याल, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, रोहताश पवार का स्वागत करते प्रधान अमित गोयल।

बड़ी इंडस्ट्रीयल मैनुफेकचरिंग एसोसिएशन द्वारा होली मंगल मिलन समारोह एक होटल में बड़े ही धूमधाम से मनाया। समारोह में एसोसिएसन के प्रधान अमित गोयल, सरंक्षक स्वर्ण झाम, चेयरमैन राजेन्द्र सिंगला, महासचिव विरेन्द्र जैन, एसोसिएशन के उपप्रधान पवन जैन, संजय जैन चिल्ली, नवीन गर्ग, विनोद जैन, नरेन्द्र नन्दा, कोषाध्यक्ष सुनील बबर आदि ने समारोह में आए हुए उद्योगपतियों का स्वागत किया। बतौर मुख्यातिथि एसडीएम निर्मल नागर, एसीसपी गौरखपाल राणा ने शिरकत की। इसके अलावा बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के सम्पदा अधिकारी विनोद कत्याल, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, मैनेजर रोहताश पवार, क्षेत्रीय प्रंबधक प्रदूषण विभाग प्रदीप, एमएसएमई के सहायक निदेशक वालिया, एसडीओ तरूण मलिक, जेई अजीत कूण्डू के अलावा उद्योगपतियों ने एक दूसरे को पगड़ी पहनाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर राजेश, जगदीप, अमित जैन, अरविन्द, हिमांशु, मनीष सगहल, निर्मल बंसल, विक्रांत, प्रदीप नागपाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में आंमत्रित कवि कलाम भारती, हरमिंदर पाल, महेन्द्र, राजेश अग्रवाल, मोनिका आदि ने अपनी कविताओं से उद्योगपतियों का मनोरंजन करवाया और कविताओं के माध्यम से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संदेश दिया।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान ने बाजी मारी



खरखौदा। शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक।

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. विजेंद्र दहिया ने कहा कि भगत सिंह के विचार और आदर्शों पर चलते हुए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना ने द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजू व एम ए की छात्रा आशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शिक्षकों व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में होली उत्सव मनाया गया। छात्राओं ने डीजे पर नृत्य करते हुए एक दूसरे पर रंग लगाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### तीन दिवसीय 15 वीं महिला फेडरेशन कप नेटबॉल चैंपियनशिप हुई सम्पन्न

**खरखौदा।** तीन दिवसीय 15 वीं महिला फेडरेशन कप नेटबॉल चैंपियनशिप का शुक्रवार को नेटबॉल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम कौशिक की अध्यक्षता में हुआ। कन्या महाविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हरियाणा और कर्नाटक टीम के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने 27-24 के स्कोर से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। तीसरे और चौथे स्थान का मुकाबला हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के मध्य खेला गया। दोनों टीमें 28 - 28 के स्कोर से बराबर रही ' इस अवसर पर हरि ओम कौशिक ने विभिन्न स्थानों पर रही टीमों को बधाई दी।

## दादा दादी ने खो खो,कबड्डी व वॉलीबाल में लिया हिस्सा

- बी आर ग्लोबल स्कूल में विद्यालय के निदेशक राकेश यादव ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर




गन्नौर। दादा दादी ने खो खो,कबड्डी और वॉलीबाल में विजेताओ का सम्मान करते निदेशक राकेश यादव व प्रधानाचार्या पूजा पहल।

खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में दादा-दादी व नाना - नानी को समर्पित रहा। विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आए हुए अतिथियों के लिए कई तरह की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। दादा दादी ने खो खो,कबड्डी और वॉलीबाल जैसी खेल प्रतिस्पधाअरं में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कबड्डी में प्रकाश चंद की टीम और खो खो में अनीता की टीम विजयी रहीं। सभी अतिथियों ने खेल प्रतियोगिताओं में हर्षोल्लास से भाग लिया और अपने बचपन के दिनों को याद किया। विजयी प्रतिभागियों को पदक और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव तथा प्रधानाचार्या पूजा पहल ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और बताया कि घर के बुजुर्ग ही मजबूत नींव के समान होते हैं, इसलिए उनका मान सम्मान करना हर व्यक्ति का पहला कर्तव्य होना चाहिए। स्कूल निदेशक राकेश यादव ने कहा कि हमें बच्चों पर बिना दबाव बनाए, उनका चहुंमुखी विकास करना है। बच्चे जो करना चाहते हैं उन्हें वह स्वयं करके सीखने दें। बच्चों में स्पर्धा की भावना पैदा करने से उनका बेसिक मानसिक विकास रुक जाता है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन से भी दूरी बनाए रखने को कहा। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।



गन्नौर। डॉ. प्रीति का स्वागत स्कूल की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक साथ में अभिभावक।

## खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई

- गायत्री विद्यापीठ स्कूल की नवनियुक्त प्रधानाचार्या व प्रबंधक को अभिभावकों ने दी बधाई

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ वसंत विहार, गन्नौर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डा. प्रीति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की फोटो के सामने दीप प्रज्जवलित करके किया। स्कूल का कार्यभार संभालने के बाद प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक व नए प्रबंधन को अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिता माला पहनाना, म्यूजिक चेयर, रैम्प वॉक, अंताक्षरी आदि की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। मुख्यातिथि डा. प्रीति ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ का पदभार संभालने पर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि पैसे की कमी के कारण किसी भी होनहार छात्र की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी, संस्था की तरफ से ऐसे छात्रों की मदद की जाएगी। इस अवसर पर गौरव शर्मा, दीपक वशिष्ठ, सुमन, रेणु, सीमा, विनीता, पूजा, नरगिस आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री को दी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों की जानकारी



सोनीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते हुए शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण बंसल।

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरूण बंसल शुक्रवार को राई स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म से लैस आईआईटी और डॉक्टरों द्वारा आईआईटीजेईई और नीट कम्पटीशन की तैयारी कराई जा रही है। विद्यालय के 50 वें साल के दौरान विद्यालय ने क्यू एंड आई ( इंडिया टुडे, थॉमस डिजिटल ग्रुप) को साथ लेते हुए बच्चों का समय और अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम करने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस दौरान स्कूल की तारीफ करते हुए बताया कि जब वे पार्टी अध्यक्ष बने थे तब भी विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल से उनके आवास पर मिले थे। उस समय उन्होंने वीरेंद्र बंसल को शिक्षा जगत में उनके कार्यों के लिये शॉल देकर सम्मानित किया था। इस दौरान भाजपा नेता संजय भाटिया भी मौजूद रहे।

### प्रसिद्ध कवि उपेंद्र पांडे ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी

# महिला विवि में कवि सम्मेलन का उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना




गोहाना। काव्य पाठ करते हुए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सुदीप भोला व कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाते हुए कुलपति प्रो. सुदेश, विवि के स्टाफ सदस्य व अन्य अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में पढ़ो बेटियों-बढ़ो बेटियों थीम पर शुक्रवार कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। छात्र कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य कविता की खो रही विधा से छात्राओं को रूबरू कराना है। उन्होंने कविता को संवाद का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि छात्राओं को साहित्य के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। प्रख्यात कवयित्री कविता तिवारी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सुदीप भोला ने अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। उन्होंने बेटियों को ईश्वर की अनमोल कृति की संज्ञा देते हुए बेटी ब्यूटीफुल, वंडरफुल... इन्हें ना रोको, इन्हें बचा लो पंक्तियां सुनाई। कवयित्री कविता तिवारी ने अपनी प्रसिद्ध रचना जब तक ये सूरज चंदा चमके, तब तक ये हिंदुस्तान रहे का पाठ किया तो पूरे सभागार में देश प्रेम की भावना उमड़ उठी। प्रसिद्ध कवि उपेंद्र पांडे ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।